तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 17.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 14 जनवरी 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

11 थाने में शांति समिति की हुई बैठक, सीसीटीवी ..

12 युवाओं को दृढ़ रहने और जीवन में बड़े...


# जिला अस्पताल को किया जा रहा अपग्रेड, आएगी जांच की अत्याधुनिक मशीनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला अस्पताल को अपग्रेड करने की योजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। एनआरसीऔर आईसोलेशन दो वार्ड बढ़ने से बेड की संख्या भी बढ़ जाएगी। इसके साथ ही कई अत्याधुनिक मशीनें मंगाने के लिए बजट में स्वीकृत राशि को सीजीएमसी को ट्रांसफर कर दिया गया है। शीघ्र ही जिला अस्पताल में फेको मशीन, सिटी स्कैन, सीआर, एंडोस्कोपी जांच की सुविधा मिलने लगेगी, जिससे मरीजों को अस्पताल में ही जांच की सुविधा प्राप्त होने लगेगी।

अभी अस्पताल में आंखों से संबंधित बीमारियों की जांच के लिए फेको मशीन, सिटी स्कैन, सीआर, एंडोस्कोपी मशीन, ओटी लाइट, माइक्रोस्कोप आदि की जरूरत है। इसके अलावा मरीजों की संख्या बढ़ने से बिस्तर की भी कमी हो रही है। जिसके चलते मरीज निजी अस्पताल व लैब जाने को मजबूर हैं। जांच के लिए मरीजों को अधिक राशि खर्च करनी पड़ती है। वहीं जो जांच सुविधाएं हैं, उसके लिए भी लंबी वेटिंग चलती है। आगामी दिनों में 50 लाख रुपए की लागत से कई जांच मशीनें व अन्य सुविधाएं मिलेगी। विधानसभा चुनाव के कारण प्रक्रिया में विलंब हुआ है। बता दें कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन 550 से ज्यादा मरीज इलाज कराने के लिए पहुंच रहे हैं। जरूरी जांच सुविधाएं नहीं होने से मरीजों को भटकना पड़ता है। प्राइवेट लैब में जाकर जांच करानी पड़ती है। जिला अस्पताल अपग्रेड होने के बाद सुविधाएं भी मिलेंगी। वहीं, एनआरसी और आईसोलेशन वार्ड बनने से बेड की संख्या भी बढ़ जाएगी।

## मशीनें मंगाने के लिए बजट में स्वीकृत राशि को कर दिया गया है सीजीएमसी को ट्रांसफर

### रेफर सेंटर बन गया अस्पताल

जिला अस्पताल रेफर सेंटर बन गया है। गंभीर मरीजों को राजधानी के अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है। इससे मरीजों को भी लंबा इंतजार करना पड़ता है। समय के साथ-साथ पैसे भी खर्च हो जाते हैं। कई बार उपचार में देरी होने से मरीजों की जान भी चली जाती है। चिकित्सा सुविधाओं में इजाफा होने के बाद मरीजों को कोई परेशानी नहीं होगी।



### मशीनों के लिए राशि ट्रांसफर

जिला अस्पताल के अधीक्षक बसंत माहेश्वरी ने बताया कि जिला अस्पताल को अपग्रेड की योजना बनाई गई है। इसके तहत नई जांच मशीनें और अस्पताल में बेड बढ़ाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। बजट में स्वीकृत राशि 50 लाख रुपए को सीजीएमसी को ट्रांसफर कर दिया गया है, जिससे कई अत्याधुनिक मशीनें आएंगी और मरीजों को अस्पताल में जांच सुविधा मिलने लगेगी।

## खबर संक्षेप



### चिंगरौंद में मेला आज से सूखा लहरा लेंगे लोग

**महासमुंद।** मकर संक्रांति के मौके पर 14-15 जनवरी को ग्राम चिंगरौद के त्रिवेणी संगम महानदी के तट पर मेला का आयोजन किया जाएगा। यहां पर मकर संक्राति को सूखा लहरा लेने दूर दूर से लोग पहुंचते हैं। साथ ही यहां के शक्ति लहरी माता मंदिर में पूजा अर्चना की जाती है। रेत में लहरा लेने के कारण स्थानीय लोग इस मेले को लहरा मेला के नाम से भी जानते हैं।

### महुआ शराब की बिक्री, तीन लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने महुआ शराब बिक्री के मामले में एक व्यक्ति पर कार्रवाई की है। पुलिस ने संजय साहू पिता दयानिधि साहू 35 साल ग्राम बंसुलाडीपा को उनके घर के सामने अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए पाया, उसके पास से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### जहर सेवन करने से अधेड़ की मौत

**महासमुंद।** बागबाहरा में 52 साल के व्यक्ति ने अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर लिया। जिसकी जिला अस्पताल महासमुंद में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शिवचरण अमीर पिता झंगलू कर्रा पारा बागबाहरा निवासी ने सोमवार की दोपहर करीब 2.37 बजे जहर सेवन कर लिया। जिसे इलाज के लिए परिजनों ने जिला अस्पताल महासमुन्द में भर्ती कराया गया, यहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिसने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

### एक्सीडेंट से अज्ञात युवक की मौत

**महासमुंद।** दुर्घटना में घायल हुए करीब 32 साल के अज्ञात युवक की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने सूचना के आधार पर मर्ग कायम करते हुए जांच शुरू कर दी है।

## आयोजन : स्वामी दयानंद की 200वीं जयंती पर गूंजे वेद मंत्र

# गुरुकुल आश्रम के स्थापना दिवस पर ब्रम्हचारियों ने किया शौर्य प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महर्षि दयानंद सरस्वती के 200 वीं

■ **महर्षि दयानंद जैसे संतों ने बचाया है, भारत और भारत की परंपरा को- बसंत पंडा**

जयंती के उपलक्ष्य में आर्ष ज्योति गुरुकुल आश्रम कोसरंगी में शनिवार को विधिवत वेद मंत्रों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। गुरुकुल कोसरंगी एवं आम सेना के 101 ब्रह्मचारियों ने पवित्र वेद मित्रों का उच्चारण किया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भारतीय संस्कृति वैदिक संस्कृति में विश्वास करने वाले लोग शामिल हुए। गुरुकुल के आचार्य सुरेश एवं मुकेश शास्त्री ने सभी अतिथियों का स्वागत किया उन्होंने कहा गुरुकुल हिंदू सनातन संस्कृति को जीने का प्रयत्न कर रहा है।

इस अवसर पर सांसद बसंत पंडा लोकसभा को संबोधित करते हुए कहा महर्षि दयानंद सरस्वती 19वीं सदी के महान संत हुए, जिन्होंने भारतीय संस्कृति और परंपरा को विश्व के सामने रखा। महायज्ञ के ब्रह्म आचार्य डॉ अजय आर्य ने कहा गुरुकुल का अर्थ है भारत की संस्कृति भारत की परंपरा और अपने अस्तित्व को बचाने वाली संस्था। स्वामी व्रत आनंद सरस्वती ने कहा- ईश्वर को स्मरण करके अपनी आत्मा को पवित्र बनाए रखना और कुछ आदर्शों का पालन करना है गुरुकुल का सर्वोच्च उद्देश्य है। प्रलय थिटे, अनिल शास्त्री एवं राम कथाकार भागीरथ जी ने अपने संबोधन में कहा कि कलयुग में विषम परिस्थिति में गुरुकुल ही हम सब की आशाओं का केंद्र है। राकेश दुबे एवं राम शर्मा ने कहा- गुरुकुल सादा जीवन उच्च विचार के लिए प्रेरित करता है। कबीरपंथी संत जीवेंद्र जी ने कहा गुरुकुल के दर्शन और गुरुकुल में समय बिताने से पुण्य का उदय होता है। आचार्य मनु देव एवं ब्रह्मचारी नंदलाल के साथ ब्रह्मचारियों ने सुमधुर भजन प्रस्तुत किया। गुरुकुल के पीतांबर एवं श्वेतांबर ब्रह्मचारियों ने वेद मंत्र का उच्चारण किया।

### आज होगा ऐतिहासिक 200 कुंडीय महायज्ञ

गुरुकुल के आचार्य सुरेश ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को गुरुकुल में ऐतिहासिक 200 कुंडी महायज्ञ का आयोजन होगा। इस आयोजन में अनेक साधु संत महात्मा भाग लेंगे। एक हजार से अधिक लोग एक साथ पवित्र वैदिक अग्नि में वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ आहुति देंगे।

### नगर भ्रमण कर हैरतअंगेज प्रदर्शन

शनिवार को गुरूकुल आश्रम कोसरंगी की 21वीं स्थापना दिवस पर महासमुंद नगर भ्रमण का आयोजन किया गया। नगर भ्रमण बरोंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर से शुरू हुआ, जो नेहरू चौक, विठोबा चौक, गांधी चौक होते हुए बरौंडा चौक पहुंचा। इस दौरान नगर के चौक-चौराहों में ब्रम्हचारियों द्वारा हैरत अंगेज करतब का प्रदर्शन किया गया। वहीं, रात्रिकाल को सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

# नाले में छिपाकर रखा था 40 लाख रुपए का गांजा, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



वन विभाग की नर्सरी के पास छिपाकर रखे गए 80 किलो गांजा को पुलिस ने पकड़ा है। इस मामले में दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है। ग्राम खपरीडीह में जब्त गांजा की कीमत 40 लाख रुपए आंकी गई है जिसे दोनों आरोपी दूसरी जगह पर भेजने की तैयारी में थे। लेकिन, इसके पहले ही वे पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

शुक्रवार को थाना प्रभारी सरायपाली को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि ग्राम खपरीडीह वन विभाग नर्सरी के पास नाली में खपरीडीह निवासी राधेश्याम कलेत और ग्राम कसलबा का अशोक सोना भारी मात्रा में गांजा छुपा कर रखे हैं और शीघ्र ही उसे बाहर भेजने वाले हैं। सूचना पर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा गया। दोनों आरोपियों के कब्जे से हरे रंग के प्लास्टिक पैकेट में 80 पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 40 लाख रुपए जप्त किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 20(बी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीकृत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## 4 व्यक्तियों के पास से साढ़े छह लाख का धान जब्त



**महासमुंद।** अवैध धान परिवहन के मामले में जिले के अलग-अलग थानों में पुलिस ने चार लोगों से 207.5 क्विंटल धान कीमत 6 लाख 44 हजार रूपए का जब्त किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसपी राजेश कुकरेजा के निर्देश एवं एएसपी आकाश राव के मार्गदर्शन में थाना बागबाहरा और चौकी भंवरपुर पुलिस द्वारा शुक्रवार को थाना बागबाहरा क्षेत्र में रात्रि में ग्राम डोंगरगांव के पास ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीएल 6498 में एक व्यक्ति को 50 कट्टा कुल 27.5 क्विंटल अवैध धान परिवहन करते पकड़ा गया। इसी प्रकार इसी थाना क्षेत्र के ग्राम रेवा के पास एक 407 वाहन क्रमांक सीजी 06 जीएस 0532 में एक व्यक्ति को 85 कट्टा कुल 34 क्विंटल अवैध धान परिवहन करते पकड़ा गया। वहीं, रात्रि में ग्राम चारभाठा के पास एक 407 वाहन क्रमांक सीजी 06 जीटी 5593 में एक व्यक्ति को 85 कट्टा कुल 34 क्विंटल अवैध धान परिवहन करते धर दबोचा गया। इसी प्रकार चौकी भंवरपुर में ग्राम चनाट से दलदली रोड के पास माजदा वाहन में 280 कट्टा प्रत्येक बोरी में 40 किलो कुल वजन 112 क्विंटल कीमती 347200 रुपए अवैध धान परिवहन करते पकड़ा गया। इस तरह चार व्यक्तियों से चार वाहन में कुल 207.5 क्विंटल कीमती 6,44,800 रुपए का धान जब्त किया गया। सभी मामले में संबंधित थाना में 102 जौफा के तहत कार्रवाई की गई।

## नगर में श्रीमद भागवत कथा आज से

**महासमुंद।** स्थानीय लालवानी गली में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक दोपहर 2 बजे से शाम साढ़े 6 बजे तक श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन देवकी बाई, दाऊ टेमाराम चंद्राकर द्वारा आयोजित किया गया है। उन्होंने कथा श्रवण के लिए भगवत प्रेमियों को आमंत्रित किया है। व्यासपीठ से पंडित पंकज तिवारी भगवत महिमा का बखान करेंगे। कार्यक्रम अनुसार 14 जनवरी पंचांग पूजन, जल यात्रा, गौकर्ण कथा, 15 को शुक परीक्षित संवाद, 16 को सृष्टि विस्तार, ध्रुव चरित्र, 17 को अजामिल व प्रहलाद चरित्र, 18 को वामन श्रीराम, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव होगा। 21 जनवरी को भगवान का स्वधाम, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा, 22 को गीतापाठ,हवन, कपिला दर्पण व प्रसादी वितरण होगा।

### महिला अपराध को लेकर जागरूकता अभियान जारी

**महासमुंद।** खरोरा साईं मंदिर परिसर में आशी बाई गोलछा हायर सेकंडरी स्कूल का सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उपपुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के मार्गदर्शन में साइबर क्राइम जागरुकता अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ। उप पुलिस अधीक्षक सारिका वैद्य द्वारा साइबर अपराध के संबंध में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया एवं महिला संबंधित अपराध के बारे में बताया गया। अपराध से बचने के तरीके के बारे में समझाया गया। छात्रों को अनुशासित रहते हुए जीवन में सफलता हासिल करने प्रेरित किया। महिला प्रधान आरक्षक सुचित्रा विदानी ने साइबर क्राइम, सुरक्षा एवं महिला अपराधों को लेकर जानकारी दी गई।

# शराब बेचने वाले के खिलाफ थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



सिंघोड़ा थानांतर्गत ग्राम खरखरी में एक व्यक्ति को शराब बेचने से मना करने पर उसके द्वारा महिलाओं के साथ गाली गलौज करने का मामला प्रकाश में आया है।

महिलाओं द्वारा उक्त व्यक्ति के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत खरखरी के लक्ष्मी नारायण महिला ग्राम संगठन द्वारा ग्राम में खुलेआम शराब बेच रहे एक व्यक्ति को मना करने पर उसने महिलाओं के साथ गाली गलौज किया। ज्ञात हो कि खरखरी की सभी महिला समूह द्वारा ग्राम में बैठक रखकर ग्राम में शराबबंदी करने का निर्णय लिया गया है।

महिलाओं ने बताया कि शराबबंदी के निर्णय के बावजूद ग्राम के एक व्यक्ति वकील जाल एवं उनके परिवारजनों के द्वारा खुलेआम शराब बिक्री किया जा रहा था, जिसे देखते हुए महिला समूह द्वारा उसे मना किया गया, लेकिन वह गाली गलौज करने लगा। इस पर लगभग 50 महिलाओं ने सिंघोड़ा थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही इसकी प्रतिलिपि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरायपाली, पुलिस अधीक्षक महासमुंद तथा कलेक्टर को भी दी गई है।

# पुलिस ने जब्त की 62 लीटर महुआ और 33 पौवा देशी शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के विभिन्न थानार्गत अवैध शराब बिक्री पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कुल 62 लीटर महुआ शराब और 33 पौव्वा देशी प्लेन शराब जब्त करते हुए आठ आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट 34(दो) के तहत कार्रवाई की गई। सभी आरोपियों को रिमांड पर जेल भेजा गया है।



पुलिस के अनुसार बागबाहरा के बाजार पारा में महंत बघेल पिता भीष्म 35 वर्ष के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे 33 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त किया गया। इसी प्रकार पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम लाखागढ़ निवासी राकेश यादव पिता नरेश 31 वर्ष के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब, पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम पचरी के कृष्ण कुमार कोसरिया पिता साधराम 27 वर्ष से 7 लीटर महुआ शराब, कोमाखान के ग्राम नर्रा से खट्टी जाने वाले मार्ग पर प्रवीण कुमार पिता विजय चंद्रवंशी 21 वर्ष निवासी लामी झारखंड के कब्जे से 7 लीटर ओडिशा निर्मित महुआ शराब, बसना थाना के ग्राम अरेकेल निवासी ओंकार चौहान पिता कन्हैया 41 वर्ष से 19 लीटर 500 ग्राम महुआ शराब, बसना के ही ग्राम पिलवापाली निवासी मिथलेश पिता श्रीधर 23 वर्ष की बाड़ी से 20 लीटर महुआ शराब एवं खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम मोहंदी निवासी योगेन्द्र साहू पिता वैधनाथ 60 वर्ष के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया।

## तेज व कानफोड़ू आवाज निकलने से दुर्घटना की बनी रहती है आशंका

# मॉडिफाई साइलेंसर से निकलती है पटाखों की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर में तेज व कानफोड़ आवाज वाली बाइक का युवा वर्ग में क्रेज बढ़ता जा रहा है। मॉडिफाई सांईलेंसर से निकलने वाली तरह-तरह की तेज आवाज को लेकर लोग परेशान हैं। खासकर, पटाखों व गोली की आवाज निकलने वाली बुलेट से सड़क पर चलते समय लोग हड़बड़ा जाते हैं, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। यह हार्ट मरीजों और बीमार लोगों के लिए ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है। इसके बावजूद कानफोड़ वाले बाइकों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

नगर के बीते कुछ वर्षो से 350 सीसी वाले बाइक बुलेट का क्रेज बढ़ रहा है। ट्रैफिक नियम के अनुसार आबादी वाले क्षेत्र में बुलेट के साइलेंसर से निकलने वाली आवाज 60 डेसिबल से कम होनी चाहिए। लेकिन जब साइलेंसर बदलते हैं तो बाइक की आवाज 100 डेसिबल से भी ज्यादा का ध्वनि प्रदूषण करती है। इस आवाज और तेज करने के लिए युवा वर्ग मॉ डि फा ई साईलेंसर लगवा रहे हैं, जिससे तरह-तरह की आवाजें निकलती है। कुछ युवा बुलेट वाहन में रेट्रो साइलेंसर लगवा कर धड़ल्ले से सड़क पर दौड़ा रहे हैं। शिकायत करने के बाद भी इन बाइकर्स की धर-पकड़ नहीं हो रहा है। शहर में दौड़ रही बुलेट बाइक में अवैध रूप से रेट्रो साइलेंसर लगाए जा रहे हैं। इनसे पटाखा या बंदूक की गोली चलने जैसी आवाज निकलती हैं। बीच सड़क पर युवा तेजी से गाड़ी दौड़ाते हुए यह आवाज निकालते हैं। ऐसे में हादसा होने का भी डर बना रहता है।



### जुर्माने का है प्रावधान

केंद्रीय मोटरयान नियमावली के नियम- 120 के मानकों के अनुरूप लगे साइलेंसर को हटाकर अगर मॉडिफाइड साइलेंसर लगा मिला तो यह मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा-52 का उल्लंघन है। साथ ही धारा 190 (2) निर्धारित मानक से अधिक ध्वनि प्रदूषण का उल्लंघन है। इन दोनों धाराओं में उल्लंघनकर्ता पर 15 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। लेकिन, कार्रवाई का अभाव देखा जा रहा है।

### बुजुर्ग और दिल के मरीजों के लिए घातक

डॉक्टरों की माने तो साइलेंसर की तेज आवाज बुजुर्ग और दिल के मरीजों के लिए घातक है। बाइक के शौकीन युवा नए साइलेंसर को निकालकर लंबी पाइप वाले साइलेंसर लगवा रहे हैं। इसके कारण कई बार पीछे से तेज आवाज आने से राहगीर डर जाते हैं। बाइक का एक्सीलेटर बढ़ाकर गलियों में भी ध्वनि प्रदूषण किया जा रहा है, जिसके कारण बच्चों, बुजुर्गों, दिल की बीमारी वाले मरीजों को ज्यादा परेशानी होती है।

हरिभूमि पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### रामचंडी कॉलेज में मनाई गई विवेकानंद जयंती

**सरायपाली।** रामचंडी महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। महाराष्ट्र के नासिक में 12 से 16 जनवरी तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय युवा महोत्सव के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री के संबोधन को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा मनमोहक गीत व स्वामी विवेकानंद की व्यक्तित्व व कृतित्व पर भाषण दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आरएस मांझी ( सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान) में विवेकानंद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व से स्वयंसेवकों को अवगत कराया। कार्यक्रम में पीसी सतपथी, सपन दास, रजनी प्रधान मौजूद रहे। यह जानकारी कार्यक्रम अधिकारी भरत प्रधान ने दी है।

### लोकसभा चुनाव में भाजपा जीतेगी 400 से अधिक सीटें : रमेश

**महासमुंद।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने दावा किया है कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को 400 से अधिक सीटें मिलेगी। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देश के 80 करोड़ से अधिक गरीबों को अगले 5 साल तक मुफ्त अनाज प्रदान किया जाएगा, जो गरीबों के हित में केंद्र सरकार का प्रमुख निर्णय है। साथ ही अनगिनत ऐसे योजनाओं का संचालन केंद्र सरकार द्वारा किया जा रहा है, जिसका सीधा लाभ देश के गरीबों, मजदूर, किसान सहित समस्त वर्ग के लोगों को मिल रहा है। साहू ने कहा कि पिछले दस वर्षों में जिस प्रकार भारत में एनडीए की सरकार निरंतर पूर्ण बहुमत और स्थिरता के साथ चल रही है, वह किसी भी देश और उसके नागरिकों के लिए गौरव व सम्मान का विषय है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी ऐसे देशों की स्थिति मजबूत और महत्वपूर्ण हो जाती है, जहां शांति और कानून व्यवस्था का राज होता है। जहां सत्ताधारी दल अपने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय समझौतों को पूर्ण करने में सक्षम होते हैं, वहां विश्व के अन्य शक्तिशाली देश और अंतरराष्ट्रीय संगठन भी किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप करने से बचते हैं। ऐसा देश अपने विकास के लक्ष्य की ओर नित अग्रसर होता है। भारत में स्थिर सरकार होने से विकास कार्यों को गति मिल रही है।

### निधन

#### सत्यभामा चंद्राकर



**महासमुंद।** ग्राम कोना निवासी सत्यभामा चंद्राकर (70) का 13 जनवरी को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 14 जनवरी रविवार को गृह ग्राम कोना में किया जाएगा। वे राजेश चंद्राकर, स्व. अशोक चंद्राकर, स्व. मोहन चंद्राकर की मां थीं।

## आयोजन: विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर आगे बढ़ने का आह्वान

# लंबर स्कूल में युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर में राष्ट्रीय युवा दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद की भव्य प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि रासेयो के महासमुंद जिला संगठक डॉ मालती तिवारी थीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य जीपी पटेल ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बसना जनपद पंचायत अध्यक्ष रुक्मणी सुभाष पटेल, सागरपाली सरपंच कालिंद्री मुन्ना अग्रवाल, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गुलाबसिंह तोमर, उपाध्यक्ष कमलेश चौरसिया, सचिव मदन चौरसिया, डॉ भीमराव अंबेडकर मवि बलौदा के प्राचार्य अनिता पटेल, सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ पितांबर साहू, बड़े साजापाली प्राचार्य यूएस पटेल, रामचंडी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एनके भोई, बजरंग अग्रवाल, दुखीश्याम पटेल, घसिया सिदार, लक्ष्मी गणेश बरिहा, संगीता चौरसिया श्यामसुंदर चौधरी, धर्मेंद्र पटेल, कमलेश साहू, रुपेश प्रधान आदि उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात स्कूल परिसर में स्थापित विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि के करकमलों से



किया गया। मुख्य अतिथि डॉ मालती तिवारी ने कहा कि विवेकानंद ने सच्ची निस्वार्थ सेवा को ही अपना कर्म माना है और राष्ट्रीय सेवा योजना भी इसी सेवा भाव के साथ आगे बढ़ रही है। सेवा करने की प्रेरणा एवं ऊर्जा हमें जिस महापुरुष से मिलती है उनकी यह प्रतिमा हमेशा हमें प्रेरित करती रहेगी। विवेकानंद ने समाज को मानव सेवा, राष्ट्रवाद, मानवता एवं समरसता का संदेश दिया है। विवेकानंद ने कहा था कि आपके भीतर ही सब कुछ है। हमारा मन ही तो है जो हमको अच्छा और बुरा कराता है। मन को अगर अपने वश में रखकर विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर आगे बढ़े तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्राध्यापक डॉ पितांबर साहू ने विवेकानंद को अत्यंत तेजस्वी, यशस्वी, ओजस्वी, अध्यात्म के प्रखर ज्ञाता, महान साधक बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने ज्ञान के प्रकाश से पूरी दुनिया को आलोकित किया है। गुरु रामकृष्ण परमहंस की सानिध्य में आकर नरेंद्रनाथ से विवेकानंद बन गए। विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं। युवा को पलट दे तो वायु बन जाता है जिस प्रकार वायु में प्राणदायिनी शक्ति होती है उसी तरह युवाओं में भी समाज में प्राण फूंकने की शक्ति होती है। युवा अगर आगे आए तो घर परिवार, देश दुनिया की तस्वीर बदल सकती है। समारोह को कालिंदी अग्रवाल, रुक्मणी पटेल, कमला दीवान, युएस पटेल आदि ने भी संबोधित करते हुए विवेकानंद की जीवन चरित्र को आत्मसात करने आह्वान किए। इसके पूर्व प्राचार्य जीपी पटेल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित करने में सहयोग प्रदान करने वाले दानदाता अनुज बंजारा, दुखी श्याम पटेल का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में महात्मा गांधी की भी प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा बजरंग अग्रवाल एवं लालचंद अग्रवाल द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता आरके पटेल ने की। समारोह में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दयानिधि चौधरी, रीचा पटेल, संतोष टंडन, एसपी पटेल, पैकिन प्राचार्य वाय भोई, समिति सदस्य रघुराम पटेल, अजय जायसवाल, यू अली, रामकुमार मैत्री, बीएल साहू, जेके जायसवाल, सीआर जायसवाल, एलके साहू, एके विश्रा, एमडी मानिकपुरी, टीआर जायसवाल, फत्ते बरिहा, शिव मैत्री सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल

■ स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल नयापारा में मनाई गई विवेकानंद जयंती

नयापारा में युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। प्राचार्य अमी रूफस ने बताया कि शिकागो (अमेरिका) में विश्व धर्म सम्मेलन पार्लियामेंट ऑफ रिलीजन्स में अपने भाषण की शुरूआत उन्होंने बहनों और भाइयों से की। इसके बाद उनके विचार सुनकर सभी विद्वान चकित हो गए। अमेरिका में उनका बहुत स्वागत हुआ। वहां उनके भक्तों का बड़ा समुदाय हो गया। छात्रों की ओर से नोबल साहू कक्षा 11 वीं कामर्स ने भी विवेकानंद की जीवनी के बारेमें प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी आकांक्षा भोई ने किया। आभार प्रदर्शन प्रमोदकुमार कन्नौजे ने किया। इस अवसर पर संस्था के गोसाई राम टांडेकर, प्रियंका पीटर, शिवा कोटेश्वरम्मा, विकास यादव, शशबीर कौर संधु, मितेश शर्मा, डी बसंत साव, नेहा दुबे, हीरालाल जोशी, रंजीत सिंह रूपराह, कीर्ति थवाईत, कल्याणी सोनकर, रूपा पांडेय, दिव्येश वाणी, योगिता ठाकुर, हेमलाल चक्रधारी, मधु साहू, मदनलाल कौशिक, शनिदेव सिंह ठाकुर, नेहा सिंह, आकांक्षा जैन, रौनक अग्रवाल, धृति श्रीवास्तव, अंशुमाला बारिक, ऋतुराज देवांगन, मनीषा कन्नौजे, प्रेम यादव, अंजली कहार, प्रखर साहू, पूर्णिमा चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, तेजेश्वरी साहू, झम्मन, मोहन, प्रकाश, दुर्गा आदि मौजूद रहे।



### खरोरा में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (एनएनएस) द्वारा प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम के प्रभारी मधुमति चंद्राकर एवं आयशा लतीफ तथा एनएनएस के छात्रों द्वारा ग्राम खरोरा के साईं मंदिर परिसर में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम खरोरा के सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर एवं विशिष्ट अतिथि महेंद्र जैन के कर कमल द्वारा माता सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन और पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर गांव के उपसरपंच हेमलता चंद्राकर, साईं मंदिर परिषद के संयोजक हेमेंद्र चंद्राकर, शाला की भूतपूर्व प्राचार्य डॉक्टर साधना कसार, एनएसएस के पूर्व प्रभारी सरिता तिवारी एवं गांव के पंचगण, ग्रामवासी उपस्थित रहे। प्राचार्य द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में बच्चों द्वारा दिनभर की गतिविधियों जैसे योग अभ्यास, प्रार्थना, जन जागरूकता, प्रभात फेरी, परिसर की साफ-सफाई, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। अगले 6 दिनों के कार्यक्रम में विद्यालय की ओर से विभिन्न विभागों की गतिविधियां जैसे इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, हेल्थ केयर एवं अटल टिंकरिंग लैब की गतिविधियां सम्मिलित की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन तोषण गिरी गोस्वामी एवं आभार प्रदर्शन मधुमति चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में विवेक राहटगांवकार, जेएल साहू, संजय कुमार मांझी, छाया रंगारी, जीआर साहू, नोबल ध्रुव, खिलेश्वरी साहू, शशिकांत शर्मा, चिकित्सक डॉ अनिरुद्ध कसार, चंद्रशेखर मिथिलेश आदि उपस्थित रहे।



### बम्हनी स्कूल में शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता हुई

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी में विद्यालय कैलेंडर के अनुसार अर्द्धवार्षिक परीक्षा पश्चात दो दिवसीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी चार समूह क्रमशः महानदी, अरपा, पैरी एवं इंद्रावती के नाम से विभाजित कर प्रतियोगिता को कराया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा एवं संबंधित मार्गदर्शक शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लेकर क्रीड़ा प्रतियोगिता को पूर्ण करने में सराहनीय योगदान दिया गया। क्रीड़ा प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के साथ-साथ काफी संख्या में नागरिकों का भी सहयोग रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य जीएस कागजी ने श्रीफल, अगरबत्ती से मैदान का पूजन कर किया। पश्चात क्रीड़ा शिक्षक नीलम सिन्हा ने क्रमशः खेलों का विधिवत शुरूआत किया, जिसमें रस्साकसी, दौड़, सांकली, कबड्डी आदि खेलों में से रस्साकसी को पहले प्रारंभ किया। शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता विष्णु प्रसाद पटेल एवं वंदना शुक्ला के साथ दिनेशवरी ध्रुव, सविता गायकवाड़, आशा कोसरिया, मीनाक्षी पांडेय, कुंती पटेल, सारिका साकरकर, मधुलिका यादव, अनिता जांगड़े, रितेश जोशी, नोमेंद्र दास वैष्णव, उमेश्वरी ध्रुव, डेनिस चंद्राकर एवं भृत्य अभिजीत सिंह ध्रुव का विशेष सहयोग रहा। उक्ताशय की जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी रितेश जोशी ने दी।

# विधायक योगेश्वर सिन्हा होंगे ट्रायथलान संघ के अध्यक्ष एवं टर्मिनेटर एकेडमी के संरक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में संचालित टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी ने एकेडमी के हेड कोच और एनआईएस क्रिकेट कोच शबाब क़ुरैशी के नेतृत्व में टर्मिनेटर के खिलाड़ियों और अभिभावकों के साथ महासमुंद के नवनियुक्त विधायक राजू सिन्हा का पुष्प गुच्छ और साल भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर शबाब क़ुरैशी ने विधायक को बधाई देने के साथ महासमुंद शहर में क्रिकेट और खेलों की गतिविधि के बारे में चर्चा की। कुरैशी ने इसके पश्चात टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी की उपलब्धियों को बताते हुए विधायक को महासमुंद में टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ियों के विकास के लिए टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी को गोद लेने और संरक्षण प्रदान करने के



लिए एकेडमी के संरक्षक के रूप में पदभार का निवेदन किया। जिससे जिले में क्रिकेट के ज्यादा से ज्यादा अच्छे खिलाड़ी तैयार हो सके। जिसे विधायक ने सहर्ष स्वीकार किया। इसके अलावा कुरैशी जो कि ट्रायथलान खेल के जिले के सचिव है विधायक को ओलंपिक खेलों में शामिल ट्रायथलान खेल जिसमें रनिंग, स्वीमिंग और साइकलिंग के इवेंट आते है इन खेलों के खिलाड़ियों को महासमुंद जिले में बढ़ावा देने और आघे लाने के उद्देश्य से कुरैशी ने महासमुंद जिला ट्रायथलान अध्यक्ष पद के लिए विधायक को निवेदन किया, जिसे महासमुंद जिले के खिलाड़ियों और खेल को बढ़ाने के उद्देश्य से इसे भी विधायक महोदय ने स्वीकार किया। इस अवसर पर पूर्व राज्य खेल एवं युवा आयोग सदस्य प्रशांत श्रीवास्तव ने भी ट्रायथलान के संरक्षक और टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के संरक्षक पद को स्वीकार्य किया। विधायक सिन्हा ने चर्चा के दौरान आश्वासन दिया कि महासमुंद जिले में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वो हर खिलाड़ियों और खेल के साथ खड़े रहेंगे और उनकी हर संभव मदद करेंगे। उन्होंने टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ियों की उपलब्धि के लिए शबाब क़ुरैशी को बधाई देते हुए जिले के लिए और बड़े खिलाड़ी तैयार करने को कहा। इस अवसर पर शबाब क़ुरैशी के साथ जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, टर्मिनेटर एकेडमी के कोच जमशेद रजा और टर्मिनेटर एकेडमी के आब्जर्वर इशाक खान के अलावा टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी और अभिभावक ट्रायथलान संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पेट से जुड़ी बीमारियों की जांच आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में 14 जनवरी रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विभिन्न बीमारियों का उपचार व उचित परामर्श दिया जाएगा। इसमें डॉ. सन्नी उत्तमानी (एमडी मेडिसीन, डीएम हेपेटोलाजिस्ट, गेस्टोलाजिस्ट, इंटर वेन्टीओनल इंडोस्कोपिस्ट) अपनी सेवाएं देंगे। पीलिया, पेट में पानी भरना, खाना निगलने में परेशानी होना, पेट में गांठ होना, हेपेटाइटिस, भूख ना लगना, वजन कम होना, छोटे बच्चे में वजन न बढ़ना एवं सहीं विकास न होना, उल्टी में खून आना, कब्ज, बार-बार उल्टियां होना, पाचन क्रिया में सभी विकार, लंबे समय तक दस्त होने का कारण पता करना, दस्त, वजन में कमी, पेट दर्द (पेट की टीबी), आंत की सूजन, इंफेक्शन, टीबी रुकावट, पित्ताशय एवं पित्त की नली के सारे विकार आदि का उपचार किया जाएगा।



### महाशिवपुराण कथा में पहुंचे भाजपाई

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा एवं माहेश्वरी समाज धमतरी जोन द्वारा महाप्रभु वल्लभाचार्य के प्राकट्य स्थल चंपारण्य धाम में आयोजित महाशिवपुराण कथा के चौथे दिन भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा एवं पार्षदगण देवीचंद राठी एवं महेंद्र सिका ने शामिल होकर कथा का श्रवणपान किया। डॉ. चोपड़ा को महाआरती करने का अवसर प्राप्त हुआ। कथाकार वृंदावन धाम के महामंडलेश्वर भास्करानंद द्वारा भगवान का गमछा पहनाया गया।



**तेंदूकोना।** हमारा संकल्प विकसित भारत मोदी की गारंटी यात्रा ग्राम पंचायत सम्हर और बिराजपाली में पहुंची। कार्यक्रम में बागबाहरा भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पीलेश्वर पटेल शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पटेल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान हुआ है। सरकार की ओर से प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ देने की सकारात्मक कोशिश की गई है। यात्रा से लोगों को उनके घर द्वार पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लोगों की भलाई के लिए लगातार सकारात्मक प्रयास कर रही है और यह यात्रा उसी सोच का नतीजा है। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, ग्रामवासी और भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# सम्हर में डीजे डांस प्रतियोगिता, विधायक हुए शरीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

आरएन डांस ग्रुप के तत्वावधान में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सम्हर में डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक द्वारिकाधीश यादव उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि यादव ने पूजा अर्चना कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। बाद इसके प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं।

मुख्य अतिथि विधायक यादव ने कहा कि कला को दिखाने का सर्वोत्तम मंच डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन है, जिसमें डांस दिखाने का अवसर मिलता है। सामूहिक, एकल, युगल नृत्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति देकर स्थान अर्जित करते हैं,



वास्तविक में इन कलाकारों का सर्वश्रेष्ठ इनाम दर्शक दीर्घा द्वारा मिले उत्साहवर्धन तालियों की गड़गड़ाहट है, जो कलाकारों को आगे बढ़ने का प्रोत्साहित करती है।

उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से युवा कलाकारों को अपनी कला को निखारने के अवसर प्राप्त होता है। आयोजन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि हर कोई अपनी विशेष प्रतिभा का धनी होता है, लेकिन उसे निखारे के लिए बस एक मंच की जरूरत होती है, जो इस तरह के आयोजन से मिलता है। इस अवसर पर गणेश शर्मा, हेमसिंग नायक, नेतराम दीवान, यशोकी बाई पटेल, विद्याचरण पटेल, पिलेश्वर पटेल, तुकेश्वर नायक, डॉ किशोर साहू, रूपेश नायक, नेतराम नायक, बिशे नायक, ललित चंद्राकर, शंकर पटेल, चिंताराम साहू, जोगी नायक, इंदु नायक, दीपेश साहू, खोमेश साहू, मिथुन नायक, दीपक नायक, लालसिंग नायक, नीलकंठ साहू, विनोद अग्रवाल, जनक साहू, नुमेश साहू, चमन गोरले, लोमश दीवान सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# शिक्षण संस्था समाज सुधार का केंद्र बने

**महासमुंद।** शिक्षा संस्थान संस्कारवान एवं अनुशासित विद्यार्थी निर्माण का केंद्र बने और समाज को नई दिशा दें। उक्त बातें ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर, स्व नीलकंठ राव साकरकर उच्चतर माध्यमिक शाला तथा पद्मावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल में विवेकानंद जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में संचालक माधव राव टांकसाले ने कहीं। टांकसाले ने कहा, स्वामी की प्रेरणा से उनकी शिष्या बहन निवेदिता ने 1905 में कोलकाता में बालिका विद्यालय की स्थापना की थी। स्वामी समाज में पिछड़ेजन और द्ररिदता का प्रमुख कारण अशिक्षा को मानते थे। स्वामी भारतीय संस्कृति, अध्यामित्व ज्ञान को दुनिया फैलाने में अहम भूमिका निभाई है। स्वामी ने नर सेवा को ही नारायण सेवा बताया है। समाज को गरीब और दरिद्र की सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने व्याख्यान के दौरान कहा था कि युवा शक्ति अपना एक वर्ष अगर पढ़ाई छोड़कर समाज के फैले अशिक्षा को दूर करने के लिए लग जाये तो पिछड़ेपन से भारत दूर हो जाएगा। विवेकानंद जयंती पर गायत्री हवन का आयोजन किया गया। हवन में संस्थान में कार्यरत शिक्षकगण, समिति के सदस्यगण तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया।



इसमें संस्था प्रमुख दोशियन चक्रधारी, पूजा सिन्हा, अंजनी सिन्हा, गिरजा ध्रुव, कुलदीप कंडरा, प्राची सिन्हा, दिशा सिन्हा, दिव्यांश प्रजापति ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद का वितरण किया। दोशियन चक्रधारी ने आभार एवं कार्यक्रम का संचालन पूजा सिन्हा ने किया।

## खबर संक्षेप

### तुमगांव में दो दिवसीय कबीर सत्संग कल से



**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में 15 से 16 जनवरी को दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सतसंग समारोह में सूरत से संत गुरु भूषण साहेब व संत कबीर संस्थान देवपुर (धमतरी) संत रविकार साहेब अपनी मंडली सहित पधार रहे हैं। समारोह वार्ड 14 जयजाल साहू के ब्यारा में रखा गया है। प्रथम दिन 11 से 2 बजे तक सत्संग भजन प्रवचन, दोपहर 3.30 से 5.30 तक सत्संग प्रवचन, शिक्षा उपदेश और 16 जनवरी को 11 से 3 बजे तक सत्संग प्रवचन भजन कीर्तन, गुरु पूजा, प्रसाद वितरण एवं भोज भंडारा का आयोजन रखा गया है। समारोह के आयोजक पचभईया कबीर पंथी भाठापारा तुमगांव एवं खोरू साहू ने कबीर सत्संग समारोह में पधारकार ज्ञान गंगा में डुबकी लगाने की अपील की है।

### 15 को नांदगांव में मड़ई महोत्सव

**महासमुंद।** नांदगांव में मकर संक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी को मड़ई महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति जय मां शक्ति के सदस्यों ने बताया कि महोत्सव के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता अध्यक्ष जय मां शक्ति संगठन सालिक पटेल, विशेष अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, प्रेम चंद्राकर, श्याम साकरकर, अरूण साहू, मथुरा नेता, नीलू लोचन चंद्राकर होंगे। इस अवसर पर रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम भूले बिसरे नाच पार्टी का भी आयोजन रखा गया है। समिति के सदस्यों ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।



### अंगना म शिक्षा विषय पर शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

**महासमुंद।** अंगना म शिक्षा का प्रशिक्षण विभिन्न संकुल केंद्रों में जोन बनाकर किया गया। विकासखंड महासमुंद के 38 संकुल केंद्र के 226 प्राथमिक शाला के शिक्षकों ने अंगना म शिक्षा विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण केंद्र डुमरपाली, झलप, तुरेंगा का निरीक्षण विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, प्रशिक्षण केंद्र खट्टी, परसदा, उमरदा, बम्हनी, लाफिनखुर्द, बेलसोंडा का बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने निरीक्षण किया। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के सहायक संचालक राजकुमार चापेकर ने खट्टी, उमरदा और परसदा का वर्चुअल निरीक्षण करते हुए सीएसी अशोक साहू, सीएसी ईश्वर कमार, स्मार्ट माता, स्कूली छात्रा, मास्टर ट्रेनर से बात किया। बच्ची को पूछे गए सवाल पर बच्ची द्वारा दिए गए हाजिर जवाब पर प्रसन्न जाहिर की। जिला नोडल भारती सोनी ने बृजराज, आदर्श कन्या, डीएमएस और विकासखंड नोडल खेमिन साहू ने बेमचा, लोहारडीह, सोरिद का अवलोकन किया।

## तैयारी : 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हुई चर्चा

# थाने में शांति समिति की हुई बैठक सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

विगत कुछ दिनों से हो रही आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए स्थानीय आरक्षी केंद्र में शांति समिति की बैठक रखी गई, जिसमें शहर में कानून व्यवस्था, यातायात, नशाखोरी सहित आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर सरायपाली में भी आयोजन को लेकर चर्चा की गई।

इस दौरान एसडीओपी अभिषेक केसरी, तहसीलदार कृष्णकुमार साहू, थाना प्रभारी शिवानंद तिवारी सहित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कॉमर्स के प्रदश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष सुशील जैन, संजय अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, संजय शर्मा, देवेंद्र शर्मा, बिहारीलाल अग्रवाल, विपिन उबोवेजा, भोजराज अग्रवाल, प्राचार्य मनोज पटेल आदि मंचासीन थे। विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव मांगे जाने पर सभी उपस्थितजनों ने एक सुर में कहा कि चाहे कोई भी व्यक्ति हो, यदि अपराधिक गतिविधि के माध्यम से क्षेत्र की शांति भंग करने का प्रयास करता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। यदि अपराधी फरार हो जाता है तो उनके परिजनों को थाने में बिठाकर कड़ाई से पूछताछ की जाए तभी इस प्रकार की घटनाओं में कमी आएगी।

व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने अपना सुझाव देते हुए कहा कि विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस की गश्त के अलावा यदि कहीं-कहीं पुलिस के जवान स्थायी तौर पर बैठें या लगातार घूमते रहें तो लोगों में भय कम होगा। वर्तमान में कुछ घटनाओं को देखते हुए लोगों में डर बैठ गया है। शहर में बड़ी संख्या में दुकानों, कारखानों आदि में ग्रामीण क्षेत्रों के कर्मचारी काम करते हैं जो भयवश जल्दी घर लौटना चाह रहे हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष पटेल ने जन सहयोग से सीसी टीवी कैमरा लगाने की बात निकलने पर सभी व्यापारियों से आग्रह किया कि वे अपने दुकानों व घरों के सामने अतिरिक्त कैमरा लगाएं जो सड़क की ओर स्पष्ट दिखता हो। इससे अपराधियों के भागने पर उन्हें ढूंढने में पुलिस को भी सहयोग मिलेगा। साथ ही ऐसे स्थानों पर जहां नशाखोरी अधिक होती है, वहां भी उन्होंने पुलिस की गश्त बढ़ाकर ऐसे नशाखोरों को पकड़ने की अपील की।

थाना प्रभारी तिवारी ने कहा कि उन्हें जो जानकारी मिल रही है, उसके अनुसार शहर के अलावा आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में भी किराएदार रूके हुए हैं जो कारखानों, दुकानों आदि में काम कर रहे हैं या बाहर घूम-घूम कर सामान बेच रहे हैं। उन्होंने सभी मकान मालिकों से किरायदारों की सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा है, अन्यथा मकान मालिकों पर भी कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। इसके अलावा उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों से नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न देने एवं बाहरी या संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील भी की है। तहसीलदार साहू ने समस्त व्यापारियों, सामाजिकजनों व आमजनों से भी प्रशासन से तालमेल बनाकर चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि शहर से 5 किमी के क्षेत्र में कोटवारों को लगाया गया है, जो कोई भी संदिग्ध गतिविधि देखने पर तत्काल प्रशासन को खबर करेंगे। इन दिनों किसान धान की रकम लेने बैंकों में आ रहे हैं तथा वापस जाते समय उन्हें कोई परेशानी न हो इसके लिए प्रशासनिक टीम भी समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर रही है।

सचिव संघ के जिलाध्यक्ष सुनील साहू भी बैतारी के ग्रामीणों के साथ बैठक में आए हुए थे, जिन्होंने आज भी बालसी के समीप किसी पर हमला होने की बात बताते हुए सभी क्षेत्रों में पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की। ज्ञात हो कि विगत कुछ दिनों में राहगीरों पर हमले की जो घटनाएं हुई है उनमें सबसे अधिक बैतारी के आस-पास ही घटित हुई है। बैठक में प्रमुख रूप से स्वर्ण सिंह सलूजा, भूपेश सलूजा, विनोद जैन, दीपक शर्मा, तबारक हुसैन, अय्युब हुसैन, गंगाराम पटेल, गुंजन अग्रवाल, हितेश यादव, जयप्रकाश यादव, हेमंत प्रधान, प्रखर अग्रवाल, विकास सिंह, शमसुद्दीन खान, मोहम्मद जमील, जनाब खान,भगवान दास अग्रवाल, दीपक माखीजा, संदीप अग्रवाल, तय्युब तुल्ला खान, योगेश शर्मा, दिलीप गुप्ता, राजेंद्र उबोवेजा, सेवाशंकर अग्रवाल, तुषार सेन, विजय प्रधान आदि सैकड़ों की संख्या में व्यापारीगण, सामाजिकजन व अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।



### 22 जनवरी को सरायपाली में भी होगा भव्य आयोजन

आगामी 22 जनवरी को विभिन्न स्थानों से बाइक रैली निकाली जाएगी, जो राम मंदिर पहुंचेगी। इसके पश्चात लगभग दोपहर 12 बजे जब अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होगी, उस समय यहां भी आतिशबाजी की जाएगी। शाम 4 बजे जुलूस निकालकर सभी को कार्यक्रम की बधाई देंगे। वहीं रात में दुर्गा मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजन को देखते हुए उन्होंने पुलिस प्रशासन से इस दिन बड़े वाहनों को शहर में प्रवेश न देने तथा यातायात व्यवस्था के लिए विशेष बल बुलाने की मांग की है। बैठक के दौरान विशेष रूप से व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष सुशील जैन ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए सरायपाली में भी इस समारोह के भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। इसके अंतर्गत 21 जनवरी को राम मंदिर के सामने भजन कीर्तन होंगे।

## आत्मानंद शासकीय विद्यालय में नेशनल यूथ डे का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य मनोज पटेल के निर्देशन में 12 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को मनाया गया। स्कूली विद्यार्थियों ने स्वस्फूर्त स्वामी विवेकानंद की छायाचित्र युक्त सफेद टी- शर्ट और कैप पहनकर इसमें शामिल हुए।

इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन के संबंध में सारगर्भित ढंग से व्याख्याता सुब्रत प्रधान ने विद्यार्थियों को बताया। व्याख्याता महेश नायक ने दिवस विशेष की जानकारी देते हुए बताया कि 1985 से आज तक हर साल 12 जनवरी को उठो,जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए का संदेश देते हुए राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाते आ रहे हैं। व्याख्याता प्रदीप नारायण सेठ ने बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने का मकसद देश-दुनिया के युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन, उनके आदर्शों और विचारों से प्रेरणा ले सकें और अपने जीवन को बेहतर बना सकें। देश के युवा बेहतर होंगे, तो देश भी तरक्की करेगा।

प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी ने बताया कि इट्स आल इन माइंड थीम के तहत यह दिवस मनाया जा रहा है। युवाओं के आदर्श, प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद का जीवन और शिक्षा युवाओं को बड़े लक्ष्य प्राप्त करने प्रेरित करता है। इनका वास्तविक नाम नरेंद्रनाथ दत्त था, इनके गुरुदेव रामकृष्ण परमहंस थे। शिकागो में 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से इन्होंने प्रतिनिधित्व किया। इनका कथन था कि जीवों में स्वयं परमात्मा का ही अस्तित्व होता है इसलिए जरूरतमंदों की मदद, सेवा को श्रेष्ठ बताया है। लक्ष्य पर सदैव ध्यान केंद्रित करने और चिंतन करने, चिंता नहीं, नए विचारों को जन्म दो। खुद को कमजोर मत समझो। ऐसे प्रेरक संदेश से युवाओं को प्रेरणा देते रहे हैं। इस खास अवसर पर प्राचार्य मनोज पटेल, वरिष्ठ व्याख्याता लता साहू, महेश नायक, प्रदीप नारायण सेठ, नरेश पटेल, मीना एस.प्रकाश, जलंधर वर्गे, सुब्रत प्रधान, दिनेश कर, प्रवीण तिवारी, रेखा पुरोहित, हरिश चौधरी, ज्योति सलूजा, लक्ष्मी चौधरी, मौसमी माथुर, शिवेंद्र सिंह सोनवानी, साकेत राजवाड़े, प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी, शिक्षक श्याम सुंदर दास, रश्मि राजा, गजानंद प्रधान, विशिकेशन नैरोजी, हिमाद्री प्रधान, नेहा दास साहू, गुलाब चौहान, अक्षय कुमार भोई, रोहित मुन्ना, सविता सिदार, घसियाराम चौहान, केशवप्रसाद चौहान, गिती बरिहा, गोमती बरिहा आदि उपस्थित रहे। संचालन व्याख्याता प्रदीप नारायण सेठ और आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी ने किया।



### फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली को लेकर लगा विशेष शिविर

सरायपाली। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्देशन में, प्राचार्य पीके भोई एवं नोडल अधिकारी कृष्ण कुमार साहू के मार्ग दर्शन में तथा मास्टर ट्रेनर सतीश स्वरुप पटेल एवं पीताम्बर बाघ के नेतृत्व में फोटो युक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के परिपेक्ष्य में महाविद्यालय में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चिन्हांकित छात्र-छात्राओं का मतदाता पंजीयन (फॉर्म 06) के संबंध में गूगल हेल्प लाइन ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से विस्तार से बताया गया। शिविर में महाविद्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय भावना, सामूहिक एकता का प्रतीक है राममंदिर: प्रदीप

### आज मकर संक्रांति से लेकर 22 जनवरी तक सभी तीर्थस्थलों पर स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

श्रीरामनगरी अयोध्या के नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में अभूतपूर्व उत्साह और हर्ष का वातावरण है। भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा के शीर्ष संगठन के नेतृत्वकर्ताओं ने इस ऐतहासिक अवसर को अविस्मरणीय और यादगार बनाने संगठनात्मक कार्यक्रमों के आयोजन का दिशानिर्देश जारी किया है।

प्रदीप ने बताया कि हमारे आराध्य देव प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व जिलेभर में भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी के मार्गदर्शन में सभी 14 जनवरी मकर संक्रांति से लेकर 22 जनवरी तक सभी तीर्थस्थल, पूजा स्थल और मंदिरों के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा चलाया जाएगा। जिला महामंत्री प्रदीप ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान का शुभारंभ करते हुए



कहा था कि ईश्वर की भक्ति के बाद स्वच्छता ही सबसे बड़ी शक्ति है। प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान श्रीराम जी प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व समस्त देशवासियों से आह्वान किया है कि सभी तीर्थ, पूजास्थल और मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। प्रदीप ने भाजपा संगठन द्वारा आयोजित होने कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जगत प्रकाश नड्डा के दिशानिर्देश के अनुसार 14 से 22 जनवरी तक विशेष स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत तीर्थ एवम पूजास्थल और मंदिरों के आसपास प्रति दिन 2 से 3 घंटे तक स्वच्छता अभियान चलाया जाए। साथ ही इन स्थलों को कचरा एवं गंदगी से मुक्त करते हुए डस्टबिन रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

प्रदीप चंद्राकर ने भगवान रामचंद्र की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व अन्य आयोजनों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन रामभक्तों और भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा भजन कीर्तन के साथ प्रभातफेरी निकालकर नागरिकों को 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की मूर्ति की नवनिर्मित भव्य मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आयोजन को लेकर संदेश दिया जा रहा है।

## स्काउट-गाइड से मिलती है अनुशासन की सीख : द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

बागबाहरा में आयोजित भारत स्काउट-गाइड के शिविर में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर बच्चों को अनुशासित रहकर देश सेवा की भावना से काम करने का आह्वान किया। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्काउट गाइड का सम्मान भी किया। भारत स्काउट गाइड द्वारा बागबाहरा में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत स्काउट परंपरानुसार स्कार्फ लगाकर किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विधायक यादव ने कहा कि भारत स्काउट एंड गाइड सेवा भावना से काम करने वाली संस्था है। उन्होंने कहा कि




स्काउटिंग एक ऐसी विधा है, जो नई-नई चीजें सीखने में मदद करती है और विभिन्न परिस्थितियों से मुकाबला करने के लिए प्रेरित करती है। स्काउटिंग विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उच्च चरित्र मूल्यों और आदर्शों का पालन करते हुए अपना काम आसानी से करना सिखाता है। कैंपिंग, लंबी पैदल यात्रा, ट्रैकिंग, आपदा प्रबंधन, साहसिक कार्यक्रम, पर्वतारोहण, प्रकृति अध्ययन आदि कार्यक्रमों के माध्यम से युवा लड़कों और लड़कियों के समग्र विकास में योगदान देता है। साथ ही उन्हें अनुशासित और समर्पित तरीके से राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। उन्होंने कहा कि देश व विश्व को एकसूत्र में पिरोने के लिए युवाओं के लिए ऐसी गतिविधियां आयोजित करना समय की जरूरत है। स्काउट गाइड से अनुशासन की सीख मिलती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महेंद्र चंद्राकर, मदन देवांगन, रूपेश गोयल, पंकज हरपाल, राजेश सोनी, निर्मला देवांगन, रवि निषाद, गणेश शर्मा, विष्णु महानंद, दानवीर शर्मा, बंशीलाल चंद्राकर, देवेश साहू, लोकेश्वर चंद्राकर, मयंक शर्मा, जयंती चंद्राकर, फिरोज मेमन, रूपेश तिवारी, भक्तराम मांझी, हर्षवर्धन शर्मा, संतराम बघेल, अरुण कोसे, भीमसेन चंद्राकर, भूषण लाल साहू, शेषनारायण साहू, तिर्की, उषा किरण ठाकुर, व्यासनारायण आदि मौजूद रहे।

## आबकारी विभाग पर भाजपा नेता ने लगाया आरोप



**कोमाखान।** बागबाहरा ब्लॉक के अंतर्गत कोमाखान तहसील के ओडिशा से लगे हुए ग्राम पंचायत द्वारतरा कला के आश्रित ग्राम भालूकोना, द्वारतराखुर्द, नवाडीह में अवैध शराब की बिक्री एवं महुआ शराब बनाने का काम विगत 15 वर्षों से ग्रामवासियों के सहयोग एवं संकल्प से पूर्णतः बंद है। यहां तक की आदिवासी लोग भी इस मुहिम में कृत संकल्पित है। ठीक इसके विपरीत वनांचल के अधिकांश गांव में कच्ची शराब एवं ओडिशा शराब की बिक्री पुलिस विभाग के संरक्षण में धड़ल्ले से जारी है। समीपस्थ थाना एवं आबकारी विभाग को उच्च अधिकारियों का दबाव पड़ता है तो ओडिशा के गांव में घुसकर हमारे पंचायत के भालूकोना और द्वारतरा कला के सीधे साधे लोगों से दस्तखत करवाकर अधिकांश प्रकरण हमारे गांव के नाम से बना दिया जाता है। जिससे यहां के निवासियों में रोष व्याप्त है। उक्त संबंध में क्षेत्र के भाजपा नेता एवं सरपंच भूखन लाल सिन्हा ने सीधा-सीधा आरोप लगाया है और शीघ्र ही उक्त संबंध में ग्रामवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल को लेकर पुलिस अधीक्षक महासमुंद से मिलकर चौकी प्रभारी एवं थानेदार के साथ आबकारी विभाग का शिकायत करने की बात कही है।

## महाविद्यालयीन छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**सरायपाली।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के निर्देशानुसार डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में नारी सशक्तिकरण व क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आत्मरक्षा के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षित प्रशिक्षक सौनक राणा, यशवंत जाल, गणेश कुमार, मुरलीधर डडसेना, देवनारायण बरिहा, तोषराम चौधरी, जयंती साहू, टिकुबाई राठिया, गणेशराम राठिया, चैतन और दुर्गाशंकर मांझी द्वारा कराते, जुंबा डांस, ताइकवांडो, मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्य अनिता पटेल ने बताया कि आत्मरक्षा शरीर को प्रशिक्षित करने, कैलोरी जलाने और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार करने का मज़ेदार और शक्तिशाली तरीका है। क्रीड़ा प्रभारी जितेंद्र पटेल ने इसे वर्तमान समय का आवश्यक कौशल बतलाते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने आप को निर्बल न समझे। आईक्यूएसी समन्वयक गजानंद नायक द्वारा प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। आभार प्रदर्शन प्रशिक्षण के संयोजक रमेश पटेल ने किया। इस अवसर पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली में नए मतदाता के पंजीयन के लिए निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण कार्यालय से जुगल किशोर पटेल, अतिरिक्त तहसीलदार व निर्मल प्रधान व्याख्याता सहित लगभग 200 छात्र-छात्राएं सहित प्राध्यापक किरण कुमारी, रश्मि निबर्गिया, माधुरी प्रधान, ऋतुराज भोई, वासुदेव राणा, विद्याकांत कश्यप, विनोद मिर्धा, मुकेश नाग और दुर्योधन सिदार उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी करुणा सागर जाल ने दी।



Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### साफ-सफाई अभियान आज

**महासमुंद।** अयोध्या धाम के राम मंदिर में 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा। अयोध्या धाम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशवासियों को अपील की है कि 14 जनवरी रविवार के दिन राम मंदिर के आसपास जगहों पर साफ-सफाई अवश्य करें। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर 22 जनवरी सोमवार को दीपोत्सव मनाया जाएगा।

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने में सहयोग करें कांग्रेसजन

**महासमुंद।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने एवं नाम कटाने के लिए विधानसभा वार कैंप लगाया जा रहा। कांग्रेसजन इस कैंप में उपस्थित होकर नए नाम जुड़वाने में सहयोग करें। अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण, आईटी सेल, महिला कांग्रेस, वरिष्ठ कांग्रेस, किसान कांग्रेस, एनएसयूआई, युवा कांग्रेस एवं समस्त प्रकोष्ठ, बूथ अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, जोन अध्यक्ष से निवेदन करते हुए कहा कि कैंप में अनिवार्य रुप से अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विद्या भोई प्रथम

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें विद्या भोई कक्षा 8वीं शासकीय मिडिल स्कूल भूतिया सरायपाली को राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त हुआ है। जिले में नीलेश निषाद कक्षा 5 कल्याण विद्या विहार घोड़ारी, चेतन मुन्ना कक्षा 8 छुहीपाली, नमन ग्वाल कक्षा 8 छुहीपाली को क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। पूरे जिले में इस वर्ष 299 स्कूल एवं कॉलेज से 11895 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिले एवं ब्लॉक स्तर पर मेरिट सूची जारी कर दी है। जिसके पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम की तिथि बाद में घोषित किया जाएगा। परीक्षा 8 स्तर पर आयोजित किया गया था। सभी प्रतिभागियों के लिए आकर्षक प्रमाण पत्र जारी किया गया है तथा राज्य पर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शांतिकुंज हरिद्वार की दर्शन कराया जाएगा। सभी विद्यालयों में प्रमाण पत्र भेज दिया गया है। यह जानकारी जिला युवा प्रकोष्ठ प्रमुख भारत साहू एवं आशीष साहू ने दी।

# युवाओं को दृढ़ रहने और जीवन में बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए किया गया प्रोत्साहित

## नवकिरण अकादमी में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला प्रशासन द्वारा संचालित नवकिरण अकादमी में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में राजिम एसडीएम धनंजय नेताम शामिल हुए। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह समाज में युवाओं के योगदान को चिन्हित करने का दिन है।

यह दिन युवाओं को दृढ़ रहने और जीवन में बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करने का भी है। एसडीएम नेताम ने अभ्यर्थियों से चर्चा के दौरान में बताया कि उन्होंने अपनी पढ़ाई शासकीय डीएमएस स्कूल से किया है। आगे अभ्यर्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए आगामी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में अभ्यर्थियों को अपना मार्गदर्शन साझा किया। पश्चात डी. बसंत साव समन्वयक नवकिरण अकादमी ने नवकिरण अकादमी की ओर से एसडीएम धनंजय नेताम का धन्यवाद ज्ञापित किए। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ - हरिशंकर पटेल, चंद्रशेखर साहू, राजदीप साहू, ग्रंथपाल यश चक्रधारी, विवेक चंद्राकर, परस साहू, परस कमार व कार्यालय स्टाफ सौरभ सोनवानी, टकेश साहू आदि मौजूद रहे।



### राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुई भाषण प्रतियोगिता

**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में राष्ट्रीय युवा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता हुई। इसमें संस्था के छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। वरिष्ठ व्याख्याता श्रवण कुमार सिन्हा द्वारा विस्तारपूर्वक स्वामी विवेकानंद के बारे में जानकारियां प्रस्तुत किया गया। प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहू ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय युवा दिवस का महत्व बताया। व्याख्याता संतराम साहू, शिक्षक भानेंद्र सिंह बिसेन ने भी स्वामी विवेकानंद के संबंध में अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। छात्राओं की तरफ से धान कुमारी, उमेश्वरी साहू, शेया टीकेदार, रागिनी साहू, खिलेश्वरी साहू, खुशबू चेलक ने विवेकानंद के बारे अपने विचार रखे। इस अवसर पर बारहवीं की छात्राओं द्वारा संस्था को सरस्वती माता की धातु की मूर्ति भेंट की गई। इसमें बारहवीं की खुशी चंद्राकर, गरिमा निषाद, उर्मिला साहू, छाया साहू, यामनी पटेल, लोकेश्वरी यादव, सिद्धेश्वरी साहू, धानकुमारी साहू, लता खुंटे, भोजेश्वरी साहू उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम में व्याख्याता रागिनी चंद्राकर, चित्रसेन साहू, मनीषा तिर्की, शिक्षक रेणुका चंद्राकर, महेंद्र ध्रुव, भानेंद्र सिंह बिसेन, कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपूत, केशव कन्नौजे, दुलारी सहिस, सुरेखा मिश्रा उपस्थित रहे।





### सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत विविध कार्यक्रम

**महासमुंद।** नेहरू युवा केंद्र महासमुंद (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) एवं यातायात विभाग महासमुंद की संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धनेंद्र ध्रुव (डीएसपी) यातायात पुलिस, लक्ष्मी नारायण साहू एसआई, हरीश चंद्राकर, महेंद्र दीवान, आरक्षक यातायात पुलिस रवि बरिहा के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 11 से 17 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। साथ ही दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने एवं अन्य यातायात नियमों के प्रचार तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम होंगे। दो पहिया वाहन रैली तथा व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ अन्य कार्यक्रम होंगे। एक सप्ताह तक चलने वाले इस अभियान में हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट बांधने, शराब पीकर वाहन न चलाने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस एवं बिना बीमा वाहन न चलाने जैसे नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। पखवाड़ा में 25 स्वयं सेवकों को यातायत से संबंधित कैप, टी शर्ट वितरण किया गया। सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी व ट्रेनिंग महासमुंद के यातायत प्रभारी द्वारा दी गई। साइबर सुरक्षा के बारे में विधिवत जानकारियां दी गई।

# आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

- सरायपाली क्षेत्र में बढ़ते आपराधिक घटनाओं को लेकर पुलिस व एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन

अंचल में कुछ दिनों से बढ़ रहे आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल द्वारा पुलिस थाना व अनुविभागीय दंडाधिकारी अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा गया।

बीते कुछ दिनों से लगातार सरायपाली के सुनसान इलाक़ों में राहगीरों से मारपीट और लूट की घटनाएं आम बात हो गई है। जिससे सरायपाली अंचल में भय का माहौल सा बन गया है। ग्रामीण अंचल से आने वाले लोग इसी प्रयास में रहते कि जितनी जल्दी हो सके अपने घर पहुंच जाए। वहीं दूसरी ओर सरायपाली की जनता जो कभी बेझिझक रात्रि भोजन के बाद सैर सपाटे के लिए निकलते थे, वे भी कहीं न कहीं घर से निकलने से कतराने लगे है। इसे गंभीरता से लेकर सरायपाली की सामाजिक समिति संगम सेवा समिति ने ज्ञापन सौंपा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। ज्ञापन देते समय समिति के सदस्य तुषार सेन, तरुण गड़तिया, आशीष सेन, रिंकु पटेल, किशन जायसवाल, सोमू साहू, आयुष साहू, प्रखर शर्मा, विजय नाग उपस्थित रहे।

# गांवों में निकाली जा रहीं गणतंत्र यात्रा पर प्रभात फेरियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

गणतंत्र दिवस के पहले ही क्षेत्र के गांव-गांव प्रभात फेरी निकाली जा रही है। विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में ग्राम कलेंडा और अर्जुंदा में रैली निकाली गई और ध्वजारोहण कर संविधान का वाचन किया गया। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि बापू के सत्य और अहिंसा के विचार को हम जन-जन तक पहुंचा रहे है। देश में एकता और भाईचारा को मजबूत बनाने गांधी का विचार कारगार साबित होगा। गणतंत्र यात्रा आज ग्राम अर्जुंडा और कलेंडा पहुंची। जहां कांग्रेस नेता चित्रसेन बीसी शशिकांत चौहान, मोहसिन मेमन, गुलाम ग्राम सचिव, ग्राम सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, विभूति भूषण प्रधान, रोवर रेंजर अविनाश दास, रोवर लीडर दुष्यंत साहू, सीनियर रोवर प्रेमसागर भोई, सीनएर रोवर खिरोद ओगेर, रेंजर फेमीदा तब्बसुम, सबीना बानो, मनीषा सेठ, यामिनी साहू, तौसी साहू आदि मौजूद रहे।



# केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस, हुईं विविध स्पर्धाएं भी

**महासमुंद।** केंद्रीय विद्यालय में महान दार्शनिक स्वामी विवेकानंद जयंती को बड़े उत्साह के साथ युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य सुरेश कुमार सिंह एवं प्रधानाध्यापिका कांता एक्का ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। संगीत शिक्षक प्रभात कुमार देवांगन के मार्गदर्शन में कक्षा 6वी, 7वी के बच्चों द्वारा उठो जागो और तब तक आगे बढ़ते रहो जब तक आपको अपने लक्ष्य की प्राप्ति न हो थीम पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 5वी के बच्चों द्वारा प्रेरक गीत प्रस्तुत किया गया। कक्षा 11वी के छात्र खिमेंद्र साहू ने स्वामी विवेकानंद के जीवन व उनके आदर्शों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। शिक्षक घनश्याम साहू ने स्वामी विवेकानंद के जीवन में घटित घटनाओं को ओजस्वी व रोचक तरीके से बताया। प्रभारी प्राचार्य सुरेश कुमार सिंह ने इस दिवस को मनाए जाने के मुख्य उद्देश्य के बारे में बताया कि भारत के महान समाज सुधारक, विचारक और दार्शनिक स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और उनके विचारों को युवाओं तक पहुंचाने और जीवन में कुछ कर गुजरने के लिए निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसी कड़ी में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राथमिक विभाग से चित्रकला प्रतियोगिता में आराध्या साहू, हुमेश साहू, स्पृहा यादव, अंशिका चौहान, नागार्जुन सोनी ने बहुत ही सुंदर चित्र बनाया। माध्यमिक विभाग से निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम जान्हवी निषाद, द्वितीय दर्शिल गजभिये, तृतीय प्रकृति साहू, आदित्य साहू कक्षा 8(ब) एवं नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम खुशी ध्रुव, द्वितीय योग्य चंद्राकर, तृतीय अंशिका पांडे कक्षा 8(ब) तथा मंच संचालन प्रतियोगिता कनिष्ठ वर्ग से शिवाजी सदन प्रथम, टैगोर सदन द्वितीय, अशोका सदन तृतीय स्थान तथा वरिष्ठ वर्ग से टैगोर सदन प्रथम, अशोका सदन द्वितीय, रमन सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापिका कांता एक्का एवं सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जितेंद्र कुमार चंद्राकर एवं आभार प्रकट शिक्षक दशरथ राम यादव ने किया।



# कसेकेरा में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर निकाली गई जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

सरस्वती शिशु मंदिर कसेकेरा में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के आचार्य दीदीयों ने स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किए। तत्पश्चात सभी बच्चों ने स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर सुमन अर्पण कर वंदन किए।

इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा पंचम के छात्रा रेणुका साहू ने स्वामी विवेकानंद का जीवन परिचय सबके बीच रखी। सभी को जयंती की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई जाती है। देश में विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। उनके बचपन का नाम नरेंद्रनाथ दत्त था। उनके पिता विश्वनाथ दत्त और माता भुनेश्वरी देवी थी। बहुत कम उम्र में ही नरेंद्रनाथ ने अध्यात्म का मार्ग अपना लिया था। आध्यात्मिक मार्ग अपनाने के बाद उनको स्वामी विवेकानंद के नाम से जाना जाने लगा। इनके पिता कलकत्ता हाईकोर्ट में एक वकील थे और माता धार्मिक विचारों की महिला थीं। आधुनिक भारत के निर्माता स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस को याद करने के लिए मनाया जाता है। आदि परिचय संक्षिप्त रूप में देकर अपनी वाणी को विराम दी। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद का रूप धारण किया। वहीं छात्राओं ने भगिनी निवेदिता और भारत माता की वेशभूषा में स्वामी के इतिहास, समाज के प्रति योगदान को सामने लाने का प्रयास किया। गांव के गलियों पर शोभायात्रा निकालकर स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन को अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया।



# गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

## योजनाओं की दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का आगमन बागबाहरा विखं के अंतिम छोर ग्राम पंचायत बिंद्रावन, राटापाली, पतेरापाली, झिटकी, पंडरीपानी एवं राटापाली में हुआ। जहां शिविर के माध्यम से लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।

संकल्प यात्रा के दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष नवीन पटेल, कलाराम नायक, जगदीश पटेल, माधवसेन सरपंच उत्तर कुमार ध्रुव, राटापाली सरपंच लुभेश्वर पांडे आदि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में आम जनता को अवगत कराते हुए अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर, गरीबों को मुफ्त चावल, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन के तहत हर घर स्वच्छ पेयजल सहित कई योजनाएं लागू कर आम लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, सेवा सहकारी, विद्युत विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी शिविर के माध्यम से आम जनता को जानकारी दी गई। पंचायत सचिव घनश्याम दीवान कृपाराम पारकर, कृष्णचंद पटेल, चुम्मन देवांगन, कनकराम ध्रुव सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### कौंदकेरा में साइबर अपराध से बचने दी गई जानकारी

**महासमुंद।** साइबर क्राइम जागरुकता अभियान कार्यक्रम के तहत कौंदकेरा में श्याम बाला प्राचार्य की उपस्थिति में एवं उप पुलिस अधीक्षक सारिका वैद्य के मार्गदर्शन में साइबर अपराध के संबंध में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया एवं महिला संबंधित अपराध के बारे में बताया व अपराध से बचने के तरीके के बारे में समझाया गया। छात्र-छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने एवं अनुशासन में रहने एवं अपने और अपने समाज के प्रति दायित्व के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही महिला प्रधान आरक्षक सुचित्रा विदानी, तरूणा मदनकार एवं विशेष आरक्षक मनोज डडसेना द्वारा सेल्फ डिफेंस, साइबर क्राइम सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एनएसएस के 200 छात्र-छात्राएं एवं संस्था के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महर्षि योगी व स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महर्षि विद्या मंदिर में महर्षि महेश योगी का जन्मदिन ज्ञान युग दिवस एवं स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन युवा दिवस हर्षोल्लास के साथ 12 जनवरी को मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस आलोक सीईओ जिला पंचायत ने की। विशेष अतिथि डॉ अनुसुईया अग्रवाल प्राचार्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय उपस्थित रहे। सर्वप्रथम गुरु परंपरा का पूजन व महर्षि महेश योगी एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया। तत्पश्चात प्राचार्य आरके तिवारी द्वारा अतिथियों का स्वागत और कार्यक्रम की रुपरेखा के साथ महर्षि महेश योगी तथा स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए दोनों महान विभूतियों द्वारा विश्व समाज के योगदान के विषय में जानकारी दी। सभी अतिथियों ने भी विद्यार्थीयों से महर्षि महेश योगी एवं स्वामी विवेकानंद के आदर्शों का आह्वान किया। संस्था के समस्त शिक्षकों के निर्देशन में छात्रों द्वारा मनमोहक स्वागत गीत और भजनों की प्रस्तुति दी गई। छात्रों ने आध्यात्मिकता और देश भक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की, जिससे दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही महर्षि विद्या मंदिर समूह की वार्षिक ज्ञान पत्रिका का विमोचन किया एवं अतिथियों को ज्ञान पत्रिका एवं पुष्प गुच्छ एवं शाल से सम्मानित किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन नंदकुमार साहू ने किया।





# अध्यात्म और प्रेम बलात लादा नहीं जा सकता, आत्मानुभूति है ये: प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद जयंती बड़े उल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्य डॉ अग्रवाल द्वारा स्वामी की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया। इस अवसर पर युवा शक्ति छात्र छात्राओं तथा सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज राष्ट्रीय युवा दिवस नरेंद्र से स्वामी विवेकानंद तक के सफर जिस खूबी के साथ उन्होंने तय किया इस उपलक्ष्य में मनाते है। उन्होंने भारतीय संस्कृति के ज्ञान को इस क्षितिज के भाल पर चंदन की तरह अंकित किया। विवेकानंद हमेशा उन समस्त बातों का समर्थन करते थे जिसके द्वारा एक व्यक्ति स्वयं में ईश्वर का आभास करता है। वे हर व्यक्ति में ईश्वर की छबि का दर्शन करते थे। स्वामी विवेकानंद मानते थे कि अध्यात्म और प्रेम बलात किसी पर लादा नहीं जा सकता, ये आत्मानुभूति है। हम आत्मा से सीखते हैं। क्योंकि, आत्मा के भीतर ही परमात्मा का निवास है। आत्मा और परमात्मा के संबंध को मानने वाले स्वामी विवेकानंद कहते थे कि पूरी सृष्टि से प्रेम करने वाले की पूरी कायनात भी साथ देती है। निर्मल मन से ईश्वर को प्राप्त करने का मार्ग युवा वर्ग को बताते हैं।

कार्यक्रम में अजय राजा एनएसएस प्रभारी (पुरुष वर्ग) ने कहा कि युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद ने अपने गुरु को माना। उनके गुरु ने उन्हें इस तरह गढ़ा की स्वामी से बेहतर मॉडल हमारे समक्ष कोई नहीं हो सकता। क्रिकेटर या फिल्मी सितारे दो दिन के मॉडल हो सकते हैं। लेकिन, आपके जीवन को दिशा देकर विश्व पटल पर ले जाने की प्रेरणा देने वाले केवल विवेकानंद ही हो सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ रीता पांडेय, डॉ दुर्गावती भारतीय, डॉ ईपी चेलक, डॉ सी खलको करुणा दुबे, डॉ आरके अग्रवाल, एमआर धीवर, दिलीप बढ़ई, डॉ एके देवांगन तथा कार्यालय प्रमुख मनोज कुमार शर्मा, शशि सोनी, कुंदन देवांगन आदि उपस्थित रहे। आभार व्यक्त करते हुए डॉ रीता पांडेय एवं संचालन सीमारानी प्रधान ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा पूर्णिमा साहू, विधि सोनी, यामिनी धनेश्वरी साहू एवं छात्र राजेश्वर देवांगन, डिगेश, विजय, अमन आदि उपस्थित रहे।



